# अजमेर में भाजपा का 36 साल का रिकॉर्ड कायम, अनामिका शर्मा बनीं महापौर

## भाजपा की अनामिका शर्मा ने कांग्रेस की किरण गढ़वाल को हराया

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर नगर निगम में पिछले 36 वर्षों से चले आ रहे भाजपा के दबदबे को बरकरार रखते हुए भाजपा ने एक बार फिर अपना बोर्ड बना लिया। सोमवार को नगर निगम महापौर पद के लिए हुए मतदान में भाजपा की अनामिका शर्मा ने कांग्रेस की किरण गढ़वाल को हराकर महापौर पद हासिल किया। अनामिका शर्मा को 43 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी किरण गढ़वाल के पक्ष में 37 पार्षदों ने मतदान किया।



भाजपा की अनामिका शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

- **निर्दलीयों के समर्थन से बहुमत का आंकड़ा पार, भाजपा को 43 और कांग्रेस को 37 वोट मिले**

नगर निगम चुनाव के परिणाम में कांग्रेस के 37, भाजपा के 32 और 11 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए थे। महापौर चुनाव में बहुमत के लिए 41 पार्षदों के समर्थन की जरूरत थी। ऐसे में चुनाव परिणाम के बाद से ही दोनों प्रमुख दल निर्दलीय पार्षदों और अपने-अपने खेमे के असंतुष्ट पार्षदों को साधने में जुटे हुए थे। मतदान के बाद भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर अपना बोर्ड बनाने में सफलता हासिल की।

नगर निगम में भाजपा के पास अपने 32 पार्षद थे, जबकि कांग्रेस के 37 पार्षद थे। 11 निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महापौर चुनाव में निर्णायक मानी जा रही थी। भाजपा को महापौर चुनाव में 43 वोट मिले। परिणाम से स्पष्ट हुआ कि भाजपा ने बहुमत के लिए जरूरी 41 के आंकड़े से दो वोट अधिक हासिल किए। वहीं कांग्रेस अपने 37 पार्षदों के आंकड़े से आगे नहीं बढ़ सकी। कांग्रेस की ओर से किरण गढ़वाल को महापौर पद का उम्मीदवार बनाया गया था।

महापौर चुनाव को लेकर सोमवार सुबह से ही नगर निगम परिसर में राजनीतिक सरगर्मी तेज रही। मतदान से पहले कांग्रेस प्रत्याशी किरण गढ़वाल की कार को बैरिकेडिंग के अंदर प्रवेश देने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। इसे लेकर मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। दूसरी ओर, कांग्रेस के पार्षद जब मतदान के लिए निगम पहुंचे तो पुलिस ने उनकी बस को रोक दिया। बैरिकेडिंग के अंदर प्रवेश नहीं दिए जाने को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया। पुलिस ने बस की तलाशी भी ली। इसके चलते कुछ समय के लिए निगम परिसर के बाहर माहौल तनावपूर्ण हो गया। महापौर चुनाव को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अजमेर नगर निगम के नए भवन में मतदान प्रक्रिया के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। मतदान और मतगणना के दौरान दोनों दलों के समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस पार्षदों के वोटिंग के बाद मतगणना के दौरान ही समर्थकों में जीत को लेकर उत्साह नजर आया और ढोल बजाकर खुशी मनाई जाने लगी। हालांकि, परिणाम घोषित होते ही तस्वीर बदल गई। भाजपा की अनामिका शर्मा के विजयी घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने नाच कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई।

अजमेर की निकाय राजनीति में भाजपा का दबदबा पिछले करीब साढ़े तीन दशक से बना हुआ है। वर्ष1990 में तत्कालीन नगर परिषद में भाजपा के रतनलाल यादव सभापति बने थे। इसके बाद वर्ष1995 में वीर कुमार, 2000 में अनिता भदेल और 2005 में धर्मेंद्र गहलोत सभापति बने।

वर्ष 2010 में कांग्रेस के कमल बाकोलिया सीधे निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मेयर बने थे। हालांकि उस समय भी नगर निगम बोर्ड में भाजपा का बहुमत था। इसके बाद वर्ष 2015 में धर्मेंद्र गहलोत मेयर बने, जबकि 2021 में भाजपा की ब्रजलता हाड़ा अजमेर नगर निगम की पहली महिला महापौर बनीं। अब वर्ष 2026 में भाजपा की अनामिका शर्मा के महापौर बनने के साथ ही अजमेर नगर निगम में भाजपा ने अपना बोर्ड बरकरार रखा है।

# मूण्डवा में भाजपा प्रत्याशी गीता को एक वोट भी नहीं मिला

## अध्यक्ष पद के चुनाव में आरएलपी की अलका कंदोई दूसरी बार पालिका अध्यक्ष बनीं

- **अलका कंदोई को 13 वोट मिले, जबकि भाजपा से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे घनश्याम सदावत को 12 मत प्राप्त हुए**
- **नागौर नगर परिषद के सभापति चुनाव में भाजपा की संतोष टाक की जीत, कांग्रेस उम्मीदवार दीपक सैनी को महज 5 मत मिले**

**नागौर,** (निसं)। मूण्डवा नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में आरएलपी ने बाजी मार ली। आरएलपी की अलका कंदोई लगातार दूसरी बार पालिकाध्यक्ष निर्वाचित हुईं हैं। चुनाव में अलका कंदोई को 13 वोट मिले, जबकि भाजपा से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे घनश्याम सदावत को 12 मत प्राप्त हुए। इस चुनाव में सबसे चौंकाने वाली बात भाजपा प्रत्याशी गीता का खाता भी नहीं खुला। गीता को एक भी वोट नहीं मिला। यहां तक कि उन्हें खुद का वोट भी नहीं मिला।

मूण्डवा में पार्षदों के चुनाव में भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी। भाजपा के 10 पार्षद निर्वाचित हुए, जबकि उसके समर्थित चार निर्दलीय पार्षद भी जीतकर आए। इस लिहाज से भाजपा समर्थित खेमे के पास कुल 14 पार्षदों का समर्थन था, जो 20 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए जरूरी 11 के आंकड़े से अधिक था। इसके बावजूद अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गीता को एक भी मत नहीं मिला। वहीं पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे घनश्याम सदावत को 12 वोट मिले

**भाजपा ने गीता को बनाया प्रत्याशी :-**अध्यक्ष पद के लिए टिकट वितरण के दौरान भाजपा ने घनश्याम सदावत और रमाकांत शर्मा को दरकिनार करते हुए पहली बार पार्षद चुनी गईं गीता को प्रत्याशी बनाया। टिकट नहीं मिलने के बाद घनश्याम सदावत ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का फैसला किया। वहीं दूसरी ओर रालोपा के सात और कांठोस के तीन पार्षद चुनाव जीतकर आए थे। भाजपा के एक बागी पार्षद का समर्थन भी रालोपा-कांठोस खेमे को मिला। इस तरह इस गठबंधन के पास 11 पार्षद हो गए थे, जबकि जीत के लिए 11 का आंकड़ा जरूरी था।

मूण्डवा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में अलका कंदोई ने 13 वोट हासिल किए। वहीं भाजपा से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे घनश्याम सदावत को 12 वोट मिले। इस तरह अलका कंदोई ने महज एक वोट के अंतर से जीत दर्ज की। अलका कंदोई की यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले भी वह मूण्डवा नगर पालिका की अध्यक्ष रह चुकी हैं। अब एक बार फिर आरएलपी के समर्थन से उन्होंने पालिकाध्यक्ष की कुर्सी हासिल की है। वहीं भाजपा प्रत्याशी गीता को एक भी वोट नहीं मिलने से पार्टी के लिए यह परिणाम चर्चा में है।

नागौर नगर परिषद के सभापति चुनाव में भाजपा की संतोष टाक ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए 60 में से 55 मत हासिल किए। कांग्रेस के सभापति पद के उम्मीदवार दीपक सैनी को महज 5 मत मिले। चुनाव से पहले भाजपा की ओर से संतोष टाक के पक्ष में मजबूत रणनीति बनाई गई। निर्दलीय पार्षदों के साथ कांग्रेस के कई पार्षदों को भी अपने खेमे में शामिल करने में भाजपा सफल रही। इसका सीधा असर सभापति चुनाव के परिणाम में दिखाई दिया। दूसरी ओर कांग्रेस अपने पार्षदों को एकजुट रखने में सफल नहीं रही। कांग्रेस के कई पार्षद भाजपा खेमे में चले गए। ऐसे समय में युवा और दूसरी बार पार्षद चुने गए दीपक सैनी ने मैदान में उतरकर कांग्रेस की ओर से सभापति पद की चुनौती पेश की।

नागौर में भाजपा की 55 मतों की जीत ने स्थानीय राजनीति में बड़ा संदेश दिया है। वहीं कांग्रेस के लिए महज 5 मतों का आंकड़ा पार्टी के भीतर संगठन और पार्षदों की एकजुटता को लेकर सवाल खड़े करता है। मूंडवा में भाजपा का उलटा प्रदर्शन वहीं दूसरी ओर मूंडवा नगर पालिका के सभापति चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को लेकर बिल्कुल उलटी तस्वीर सामने आई। यहां भाजपा को शून्य मत मिलने की बात सामने आई है। यदि अंतिम आधिकारिक परिणाम भी यही है, तो नागौर में 55 मतों की ऐतिहासिक जीत और मूंडवा में शून्य मत-एक ही क्षेत्र में भाजपा के दो बिल्कुल अलग परिणाम राजनीतिक चर्चा का विषय बन गए हैं।

# 17 साल बाद भाजपा ने बाडमेर में बोर्ड बनाया, गौतम बॉबी सभापति बने

## सभापति के लिए हुए मतदान में कांग्रेस का एक वोट क्रॉस हुआ है, जिसका सीधा फायदा भाजपा प्रत्याशी गौतम बॉबी को मिला

**बाडमेर,** (निसं)। नगर परिषद के सभापति पद के लिए सोमवार को हुए मतदान में भाजपा प्रत्याशी गौतम बॉबी ने कांग्रेस प्रत्याशी जयमल सिंह को शिकस्त देते हुए जीत हासिल की है। सभापति के लिए हुए मतदान में कांग्रेस का एक वोट क्रॉस हुआ है, जिसका सीधा फायदा भाजपा प्रत्याशी गौतम बॉबी को मिला। चुनाव परिणाम में गौतम बॉबी को 35 वोट और जयमल सिंह को केवल 20 वोट मिले। 17 साल बाद बाडमेर नगर परिषद में भाजपा बोर्ड बनाने में कामयाब हुई है। सभापति के लिए हुए चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। सभापति पद के लिए चुनाव के दौरान राज्यमंत्री के. के. विश्नोई खुद नगर परिषद कार्यालय के आगे मौजूद रहे। इसके अलावा चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, बाडमेर विधायक डॉ, प्रियंका चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनंतराम विश्नोई, पूर्व जिलाध्यक्ष स्वरूप सिंह खारा, जिला उपाध्यक्ष रमेशसिंह इंदा समेत कई भाजपा के नेता मौजूद रहे। सभापति पद के चुनाव के बाद रिटर्निंग अधिकारी विरमाराम में भाजपा के गौतम बॉबी को सभापति निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौपा। इसके बाद भाजपा के नेताओं ने गौतम बॉबी का फूल मलाई पहन कर स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। नव निर्वाचित सभापति गौतम बॉबी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बाडमेर शहर का विकास करवाना पहली प्राथमिकता रहेगी और जो काम अधूरे हैं उन्हें भी पूरा करवाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है ऐसे में ऐतिहासिक कामकाज कर बाडमेर शहर की कायाकल्प करेंगे।

सभापति पद के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी जयमल सिंह ने कहा कि पार्टी के साथ रहकर इस तरह से क्रॉस वोटिंग की है, इसको लेकर पार्टी को सोचना चाहिए। जयमल सिंह ने कहा कि कांग्रेस के 21 वोट में से 20 वोट मिले हैं। ऐसे में एक वोट क्रॉस हुआ है इसको लेकर पार्टी स्तर पर मंथन किया जाएगा। बाडमेर नगर परिषद की 55 सीटों में 29 पर भाजपा ओर 5 निर्दलीय ने जीत हासिल की है, जबकि कांग्रेस में 21 सीटे पर विजयी हुई। निकाय चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला और इसके साथ ही पांच निर्दलीयों का भी समर्थन मिला। ऐसे में भाजपा के पास 34 वोट और कांग्रेस के पास 21 वोट थे और इसमें भी कांग्रेस का एक वोट क्रॉस होकर भाजपा के खाते में गया, जिसके चलते 35 वोटों के साथ भाजपा ने नगर परिषद में बोर्ड बनाया।

# नाले में मिले शव की पहचान हुई

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के लूणी पंचायत समिति पाल रोड पर रविवार की सुबह नाले में मिले शव की पुलिस ने पहचान कर ली है। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया। मृतक के भतीजे ने पहचान की। आरंभिक जांच में बताया कि मृतक शराब के नशे में नाले में गिरा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजन को सुपुर्द किया।

देवनगर पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह लूणी पंचायत समिति के सामने नाले में एक व्यक्ति का दो-तीन दिन पुराना शव बरामद हुआ था। इसकी पहचान बाद में पाली जिले के रोहिट थानान्तर्गत कसाईयों का बास इंद्रों की ढाणी हाल भीलों की ढाणी पाल निवासी भूंडाराम उर्फ राजू पुत्र सोमाराम के रूप में की गई। उसके भतीजे तकेश ने पहचान की। पुलिस के अनुसार वह संभवतः शराब के नशे में नाले में गिरा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया।

# भीलवाड़ा में आठ निकायों पर खिला कमल

## कांग्रेस को 3 निकायों में ही संतोष करना पड़ा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले में निकाय चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा के साथ ही स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है। जिला नियंत्रण कक्ष की ओर से जारी अंतिम सूची के अनुसार, जिले की 11 निकायों में से 8 पर भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है, जबकि कांग्रेस को 3 निकायों में ही संतोष करना पड़ा है।

नगर निगम भीलवाड़ा में भाजपा की जसवन्त कंवर ने जीत दर्ज कर मेयर/अध्यक्ष पद पर अपना कब्ज़ा जमाया है। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। भाजपा ने आसींद, गुलाबपुरा, बनेड़ा, जहाजपुर, बिगोद, मांडलगढ़ और बिजौलिया जैसी प्रमुख पालिकाओं में अपनी बढ़त बनाए रखी। वहीं कांग्रेस ने गंगापुर, हमीरगढ़ और शाहपुरा में जीत दर्ज कर अपना खाता खोला। जीत की घोषणा के बाद नव-निर्वाचित अध्यक्षों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया।

# मादक पदार्थ सहित महिला गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने सेक्टर 8 में एक महिला को गिरफ्तार कर एमडी ड्रग बरामद की। महिला से दो ग्राम एमडी जब्त की गई है। यह एमडी ड्रग पॉलिथीन थैली में थी। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। वहहीं पुलिस मामले को लेकर आगे की जांच कर रही है।

थानाधिकारी लेखराज सिहाग को मुखबिरी सूचना मिली कि सेक्टर 8 में रहने वाली गुड्डी देवी मादक पदार्थ का बेचती है। इस पर पुलिस ने वहां दबिश दी और गुड्डी देवी के पास से दो ग्राम एमडी ड्रग को जब्त किया। वह मूल रूप से रावर गांव की रहने वाली है। उससे एमडी ड्रग को लेकर जांच जारी है।

# सीमावर्ती इलाकों से मानसून की विदाई शुरु

**बीकानेर,** (निसं)। यहां सीमावर्ती उपखंडों जैसे पूगल, खाजूवाला और कोलायत क्षेत्र से मानसून की विदाई की प्रक्रिया शुरू हो गई। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के सक्रिय होने से यह प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और सोमवार शाम तक मानसून बीकानेर की सीमाओं को पूरी तरह छोड़ देगा। मानसून के पीछे हटने के बाद वायुमंडल के ऊपरी स्तर पर नमी में भारी कमी दर्ज की जाएगी। नमी के कम होने और बादलों के छटने से सीधी धूप जमीन पर पड़ेगी, जिसके परिणामस्वरूप आगामी दिनों में दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मौसम की इस स्थिति को पोस्ट मानसून कहा जाता है।

यह पोस्ट मानसून काल आम जनजीवन के साथ-साथ किसानों के लिए भी बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि पोस्ट मानसून का यह दौर लगभग एक महीने तक बना रह सकता है। अक्टूबर के मध्य से जिले में रबी की फसलों की बिजाई का मुख्य सीजन शुरू होता है। अचानक बढ़ने वाली इस गर्मी और धूप के कारण जमीन तेजी से तपेगी। कृषि जानकारों का कहना है कि यदि तापमान अधिक रहा तो खेतों में हाल ही में डाले गए बीज और उगने वाली नई कोपलें (सीडलिंग्स) झुलस सकती हैं। बीजों के अंकुरण पर बुरा असर पड़ सकता है, जिससे किसानों को फसलें खराब होंगी। क्षेत्र के किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे बदलते मौसम और तापमान के इस मिजाज को ध्यान में रखते हुए ही रबी की बुजाई की योजना बनाएं।

# अलवर नगर निगम की महापौर बनीं सुमनलता अग्रवाल

**अलवर,** (निसं)। अलवर नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों में सोमवार को हुए मतदान में भाजपा ने नगर निगम सहित दस सीटों पर कब्जा किया। वहीं कांग्रेस को तीन सीटों पर सफलता हासिल हो सकी है।

- **अलवर नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों में भाजपा ने नगर निगम सहित दस सीटों पर कब्जा किया**

अलवर नगर निगम से चौकाने वाले रिजल्ट सामने आये जनता की मांग पर सुमन लता अग्रवाल को 65 में से 42 मत मिले, जबकि कांग्रेस को अपने 23 प्रत्याशियों के ही वोट मिले हैं। यहां सुबह जब कांग्रेस के वार्ड पार्षद जब नगर निगम में वोटिंग करने पहुंचे तो उनकी संख्या 25 थी लेकिन मतदान होने के बाद कांग्रेस के 2 वोट घट गए, यानि की जो दो निर्दलीय कांग्रेस के साथ बाडेबंदी में थे उन्होंने भी कांग्रेस के विरूद्ध वोट डाल कर भाजपा का दामन थाम लिया है। सुमनलता अग्रवाल पूर्व नगर परिषद चेयरमैन अजय अग्रवाल की पत्नी है।

# मसूरिया स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मन्नत मांगी

- **51 ज्योत से महाआरती की, दस दिवसीय बाबा रामदेवजी मेले का समापन हुआ**
- **देश के विभिन्न राज्यों से आए जातरूओं ने बाबा रामदेवजी के गुरु बालीनाथ की समाधि के दर्शन किए**

**जोधपुर,** (कासं)। लोक देवता बाबा रामदेवजी का पुण्य समाधि दिवस दशमी सोमवार को शहर के सभी रामदेव मंदिरों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मसूरिया स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह 51 ज्योत से महाआरती की गई। पंचामृत से अभिषेक किया गया। साथ ही आज महाप्रसादी वितरण के साथ मसूरिया मेला भी सम्पन्न हो गया।

दशमी पर सुबह से ही मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर में जातरूओं का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न भागों से आए जातरूओं ने बाबा रामदेवजी के गुरु बालीनाथ की समाधि के दर्शन किए। मसूरिया पहाड़ी स्थित बाबा रामदेव मंदिर में उनके गुरु बालीनाथ की समाधि पर सुबह 51 ज्योत से महाआरती की गई। समाधि स्थल पर सुबह पंचामृत से बाबा का अभिषेक किया गया। मसूरिया बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ के समाधि मंदिर का प्रबंधन करने वाले पीपा क्षित्रय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया कि मन्दिर पर फूल मण्डली भी सजाई गई। बाबा रामदेव के पुण्य दिवस पर दशमी तिथि गुरु बालीनाथ के समाधि मंदिर सहित शहर के सभी प्रमुख रामदेव मंदिरों में सुबह अभिषेक, फूल मंडली, महाआरती की गई। भदवासिया क्षेत्र में 80 फीट रोड पर गांधीनगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बाबा की दशमी पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। नागौरी गेट के अंदर जालोरिया का बास स्थित प्राचीन अधरशिला बाबा रामदेव मन्दिर में महाआरती और प्रसादी का आयोजन किया गया।

**गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा :-**सरदारपुरा 11वीं सी रोड पर संत शिरोमणि भाऊ रामचंद्र मार्ग स्थित बाबा रामापीर मंदिर में भादवा मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन सोमवार को बाबा की दशमी धूमधाम से मनाई गई। मंदिर सेवादार प्रकाश और पवन फुलवानी ने बताया कि सुबह नित्य आरती के बाद गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर से होते हुए सिवांची गेट स्थित संत लीला शाह सिंधी स्वर्गाश्रम पहुंची, जहां संत शिरोमणि भाऊ रामचंद्र की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान देश के विभिन्न शहरों के साथ-साथ विदेश से आए श्रद्धालुओं ने भी बाबा के दर्शन कर मेले में भाग लिया।


**अखंड ज्योत के साथ निकली पैदल ध्वजा यात्रा :-**सुभाष चौक रातानाडा स्थित घांची समाज बाबा रामदेव मंदिर में घांची समाज विकास समिति, नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अखंड ज्योत के साथ पैदल ध्वजा यात्रा निकाली गई। नवयुवक मंडल सचिव अर्जुन भाटी व मुकेश बोराणा ने बताया कि मंदिर के पुजारी रामेश्वरदास वैष्णव एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बाबा रामदेव की महाआरती हुई। साथ ही इसके बाद अखंड ज्योत के साथ पैदल ध्वजा यात्रा रवाना हुई। ढोल-नगाड़ों और बाबा के जयकारों के बीच महिलाएं व युवतियां भजनों पर झूमती हुई मसूरिया बाबा रामदेव मंदिर पहुंच कर ध्वजा व चूरमे के लड्डुओं का भोग लगाया गया।

इस अवसर पर अशोक भाटी, सन्नी बोराणा, आकाश बोराणा, कैलाश भाटी, कुशल, शुभम, राज, रमेश बोराणा, पंकज भाटी, विजय भाटी, अरुण, मोहित भाटी, नंद किशोर भाटी, धर्मेंद्र, प्रकाश भाटी, मनोहर भाटी, हितेश, राहुल पंवार, हेमंत सहित महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

# पाली में भाजपा की नमिता बुबकिया की जीत, कांग्रेस की सुमित्रा जैन को तीन मत मिले

## कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा जैन को 29 में से 3 मत ही प्राप्त हुए

**पाली,** (निसं)। नगर निगम आम चुनाव-2026 के तहत सोमवार को महापौर पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा एवं पुख्ता शांति व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाई गई। मतगणना के बाद नमिता बुबकिया को महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।



नवनिर्वाचित महापौर नमिता बुबकिया को जीत का प्रमाण पत्र दिया।

रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए सोमवार को निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान करवाया गया। मतदान के बाद मतों की गणना की गई, जिसमें भाजपा की नमिता बुबकिया को 33 मत, कांग्रेस की बागी राजबाला हिंगड़ को 29 मत तथा कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा जैन को 29 में से 3 मत ही प्राप्त हुए। इस प्रकार नमिता बुबकिया ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर महापौर पद पर जीत दर्ज की। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों ने आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाया। महापौर चुनाव संपन्न होने के साथ ही अब उपमहापौर पद के निर्वाचन को लेकर भी निर्वाचन विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि सोमवार तक उपमहापौर पद के लिए कुल 6 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें मेहबूब एवं रशीदा बानो को दो-दो तथा कान्तिलाल एवं जोगेन्द्र सिंह को एक-एक नाम निर्देशन पत्र वितरित किया गया है। उपमहापौर पद के लिए नाम निर्देशन, संवीक्षा, नाम वापसी एवं मतदान सहित निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस अवसर पर विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, अभिषेक चतुर्वेदी, गजेन्द्र दवे, तुलसीराम चौहान, ताराचंद सेजू, युजवेन्द्र खेमलानी, रामलाल मानपुरा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# भरतपुर में ट्रेलर की चपेट से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सारस चौराहे के पास सड़क पार करते समय एक स्कूटी सवार बुजुर्ग ट्रेलर की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भरतपुर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर सारस चौराहे बत्ती के पास सोमवार सुबह करीब 7:30 से 8 बजे के बीच हादसा हुआ। हादसे में स्कूटी सवार ओमप्रकाश (70) पुत्र लालाराम की मौत हो गई। मथुरा गेट थाना प्रभारी हरलाल मीणा के अनुसार, ओमप्रकाश सुबह अपनी स्कूटी से घर से मुखर्जी नगर स्थित दुकान पर जा रहे थे। इसी दौरान सारस चौराहे बत्ती के पास सड़क क्रॉस करते समय ट्रेलर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई।